## एक बार फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

**सीहोर**. मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने वाला है, क्योंकि बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवात अब तूफान में परिवर्तित हो गया है. इसका असर अंचल में भी दिखेगा. चक्रवाती तूफान के असर से अंचल में अंचल में तेज हवा चलेगी, साथ ही तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी भी दी गई है.

मौसम विभाग की मानें तो इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी और तेज बारिश होगी. मंगलवार को अधिकतम तापमान 30.5 और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जिले में अब तक कुल 1108 मिमी औसत बारिश रिकार्ड हो चुकी है. आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर के अनुसार पिछले दिनों बंगाल की खाड़ी से शुरु हुआ चक्रवात अब तूफान के रूप में परिवर्तित हो गया है.

# आधी रात को आरटीओ की कार्रवाई, बस जब्त







- मनमाना किराया वसूल रहे बस संचालकों पर सख्ती
- यात्रियों से तीन गुना तक किराया वसूले जाने का आरोप
- फर्जी टिकट जारी कर जीएसटी चोरी का मामला भी उजागर
- कई बसें पर्यटन बस के नाम पर बिना अनुमति चल रही थीं

**छतरपुर 28 अक्टूबर. जिले में बस संचालकों की मनमानी पर आखिरकार परिवहन विभाग ने सख्ती दिखाई है. अखिल भारतीय ग्राहक सेवा पंचायत, महाकौशल प्रांत की शिकायत पर आरटीओ विभाग ने सोमवार देर रात छतरपुर बस स्टैंड पर बड़ी कार्रवाई की.**

इस दौरान छतरपुर से कोटा जा रही बस को वैध दस्तावेज न होने के कारण जब्त कर लिया गया. ग्राहक सेवा पंचायत ने आरटीओ को सौंपे आवेदन में आरोप लगाया कि जिले में कई बस संचालक निर्धारित दर से तीन गुना तक अधिक किराया वसूल रहे हैं. यात्रियों को वैध टिकट नहीं दिए जाते, जिससे जीएसटी चोरी की जा रही है. साथ ही, कई बसें पर्यटन बस के नाम पर बिना अनुमति मालवाहक के रूप में चलाई जा रही हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में है.

बस जब्त होने से उसमें सवार छात्र, महिलाएं और अन्य यात्रियों को सड़क पर उतरना पड़ा. कोटा जा रहे छात्र योगेश ने बताया कि उससे 2500 किराया वसूला गया, जो तय दर से तीन गुना अधिक है.

**जांच जारी है:** मामले पर आरटीओ अधिकारी मधु सिंह ने कहा कि जांच जारी है, हालांकि उन्होंने विस्तृत टिप्पणी करने से इनकार किया.



# वायरल वीडियो ने खोली ट्रैफिक व्यवस्था की पोल

## ई-रिक्शा में ढोई 20 सवारियां

**छतरपुर 28 अक्टूबर. एक हैरान कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक ई-रिक्शा में 20 लोग सवार दिखाई दे रहे हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि छह सीटर ई-रिक्शा को ड्राइवर ने पीछे एक अतिरिक्त सीट लगाकर 20 लोगों की सवारी के लायक बना दिया है.**

वीडियो में महिलाएं पीछे की सीटों पर बैठी हैं, जबकि पुरुष ड्राइवर की सीट तक ठुंसे हुए नजर आते हैं. एक युवक तो इस तरह लटका हुआ है कि उसका एक पैर सड़क पर घिसटता जा रहा है. यह दृश्य छतरपुर के पन्ना रोड का बताया जा रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है. उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं है, ऐसे ओवरलोडेड ई-रिक्शा रोजाना सड़कों पर चलते देखे जा सकते हैं.

> वीडियो सामने आने के बाद यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. प्रदेश में पहले भी कई हादसे ओवरलोड ई-रिक्शा की वजह से हो चुके हैं. हाल ही में भोपाल में एक ओवरलोड ई-रिक्शा पलट गया था, जिसमें कई लोग घायल हुए और एक 60 वर्षीय महिला की पसलियां टूट गई थीं. घटना के बाद जिला प्रशासन ने मुख्य सड़कों पर ई-रिक्शा के संचालन पर प्रतिबंध लगाकर उन्हें केवल रिहायशी इलाकों तक सीमित कर दिया था.

## जमीन के विवाद में रास्ता रोककर बरसाए पत्थर

**सीहोर 28 अक्टूबर.** इछावर निवासी किसान रूपसिंह वर्मा ने मंगलवार को कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन सौंपकर दबंगों पर कार्रवाई व रास्ते पर से कब्जा हटवाने की मांग की है. किसान रूपसिंह वर्मा ने बताया कि 23 अक्टूबर की सुबह जब वह अपने भाई दीपक के साथ ट्रैक्टर लेकर कल्याणपुरा रोड पर स्थित अपने खेत में बोनी करने जा रहे थे, तभी उस पर जानलेवा हमला किया गया. रूपसिंह का आरोप है कि लखनलाल और उसके परिवार के अन्य छह सदस्य खेत के रास्ते पर आ गए और उनका ट्रैक्टर रोककर रास्ता निकालने से मना कर दिया. जब रूपसिंह ट्रैक्टर पीछे करने लगे तो आरोपी मोहित ने ट्रैक्टर के पीछे मोटर साइकिल खड़ी कर दी, जिससे उनका रास्ता बंद हो गया. रूपसिंह के अनुसार लखनलाल ने पत्थर मारकर हमला किया, जो उनके हाथ में लगा. वहीं राजेश ने उनका पैर पकड़कर खींचा और मोहित ने नुकीली चीज से हाथ में मारा, जिससे खून निकलने लगा.

## एक नजर में



### बैंड प्रतियोगिता में दि ऑक्सफोर्ड स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**सीहोर.** स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल के ब्रास बैंड दल ने भोपाल में आयोजित संभागीय बैंड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया. लोक शिक्षण, भोपाल संभाग मप्र द्वारा शास. नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल भोपाल में आयोजित भोपाल संभाग स्तरीय बैंड प्रतियोगिता 2025 में दि ऑक्सफोर्ड हासे स्कूल ब्रास बैंड दल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया. बैंड प्रशिक्षक सुनील अहिरवार के कुशल मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के अथक परिश्रम से यह उपलब्धि संभव हो सकी. इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर तथा संकुल प्राचार्या नीना सिंह ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की. विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ ने भी विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और हार्दिक शुभकामनाएं दीं.



### ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों ने बढ़ाया जिले का गौरव

**बुधनी.** राज्य स्तरीय कला उत्सव 2025 में आयोजित कथा वाचन प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए बुधनी विकासखंड स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बायां की छात्राओं रश्मि रिछारिया एवं अक्षरा रिछारिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है.छात्राओं को अपर परियोजना संचालक मनीषा सेतिया के द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया. प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बायां ही ऐसा ग्रामीण क्षेत्र का सामान्य विद्यालय रहा जिसने अपने प्रथम प्रयास में ही राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त किया. अन्य सभी प्रतिभागी विद्यालय सीएसआर राइस और विशेष दर्जा प्राप्त संस्थान थे, जिनके बीच बायां विद्यालय ने अपनी अलग पहचान बनाई. शिक्षकों और शाला परिवार का परिश्रम रंग लाया है.इस उपलब्धि पर संस्था प्रभारी प्रवीण झरिया , पूजा सिंगोदिया मनीषा व्यास, कृष्णकांत साहू सहित स्टॉफ ने हर्ष जताया है.



### डी डी कॉन्वेंट के विद्यार्थियों का राज्यीय प्रतियोगिता में चयन

**बुधनी.** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता जो कि टीकमगढ़ में 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित की जा रही है. इस प्रतियोगिता के लिए डीडी कॉन्वेंट स्कूल के सक्षम चंद्रवंशी, शौर्य प्रजापति ,सौरभ राज,अभिषेक बरौनियां,शिवानी पटेल का चयन हुआ है यह सभी खिलाड़ी भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे . गत दिनों भोपाल में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हुई थी जिसमे सभी का शानदार प्रदर्शन रहा था और राज्य स्तर के लिए चयनित हुए थे. यह नगर,जिला और प्रदेश के लिए गौरव और खुशी की बात है. कोच विकास सिंह द्वारा बेसबॉल , सॉफ्टबॉल का प्रशिक्षण लगातार कई वर्षों से दिया जा रहा है इनके प्रशिक्षण में अब तक कई खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा चुके है और कई मेडल अपने नाम कर चुके है. विद्यार्थियों की उपलब्धि पर संस्था के संचालक जेके त्रिपाठी, रोहित श्रीवास्तव,रमाकांत कुंवर आदि समस्त स्टाफ ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की.

### ए क्लास मंडी गंदगी के ढेर पर, मंडी प्रशासन बेखबर

**आष्टा.** प्रदेश की ए क्लास मंडी कहे जानी वाली आष्टा अनाज मंडी आए दिन चर्चाओं में बनी रहती है. प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद भी व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही. सोमवार को अनाज मंडी खुलते ही किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे. आवक ज्यादा होने के चलते किसानों को ट्रेक्टर ट्राली लेकर मंडी के पीछे गेट पर बुलाया गया, लेकिन वहां पर बदबू और गंदगी से परेशान होकर कई किसानों ने उल्टियां कर दी.





# एसपी ऑफिस में बेटियों ने की मां की शिकायत

- मां पर प्रताड़ना का लगाया आरोप

**छतरपुर 28 अक्टूबर. मां की प्रताड़ना से तंग आकर दो बहनें न्याय की गुहार लेकर एसपी ऑफिस पहुंचीं. मामला ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम आमखेरा का है, जहां रहने वाली वंदना यादव अपनी बहन के साथ दोपहर करीब 3 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और एक लिखित आवेदन सौंपा.**

आवेदन में दोनों बहनों ने बताया कि उनकी मां उन्हें लगातार प्रताड़ित करती हैं और कई बार मारपीट भी कर चुकी हैं. उन्होंने कहा कि घर का माहौल असहनीय हो गया है, जिससे अब वे मजबूर होकर पुलिस के पास पहुंचीं हैं. दोनों ने एसपी से सुरक्षा और न्याय की मांग की है.

> मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारी को जांच के निर्देश दिए हैं. पुलिस का कहना है कि आवेदन के आधार पर तथ्य जुटाए जा रहे हैं और जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल दोनों बहनों के बयान दर्ज किए गए हैं और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है.

# हत्या का खुलासा नहीं होने पर किया प्रदर्शन

## भीम आर्मी और मृतक के परिजनों ने छत्रसाल चौराहे पर लगाया जाम

- बिजावर थाना क्षेत्र के भरतपुरा गांव में हुई थी हत्या
- एसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी पर इनाम किया घोषित

**छतरपुर 28 अक्टूबर. बिजावर थाना क्षेत्र में 70 वर्षीय घमंडी अहिरवार की हत्या का खुलासा नहीं होने पर भीम आर्मी और पीड़ित परिवार ने मंगलवार को शहर के छत्रसाल चौराहे पर जाम लगाया. पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाकर जाम खुलवाया.**

यह घटना शनिवार-रविवार की देर रात बिजावर थाना क्षेत्र के भरतपुरा गांव में हुई थी, जहां एक खेत पर बनी झोपड़ी में घमंडी अहिरवार की हत्या कर दी गई थी.



पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर एफएसएल और साइबर सेल की टीमों से जांच कराई थी.

मामले का खुलासा न होने और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज होकर पीड़ित परिवार और भीम आर्मी के सदस्य दोपहर में छत्रसाल चौराहे पर जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया. पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया है.

बिजावर एसडीओपी अजय राठौरिया ने बताया कि पीड़ित परिवार के साथ कुछ लोग चौराहे पर बैठे थे, जिन्हें समझाकर जाम खुलवाया गया. उन्होंने यह भी कहा कि मामले की जांच जारी है और एसपी द्वारा इनाम घोषित किया गया है.

# सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैया से की कामना

- सीवन तट पर भोजपुरी समाज की महिलाओं ने किया पूजन
- सीवन तट पर व्रती सुहागिनों ने गाए छठी मैया के गीत

नवभारत न्यूज

**सीहोर 28 अक्टूबर.** सीवन नदी के महिला घाट पर प्रात:काल चार बजे से भोजपुरी समाज के लोग व अन्य लोग एकत्रित हुए. नदी किनारे बैठकर व्रतियों ने सूर्य भगवान व छठी मैया की गीत गाकर जनमानस स्वस्थ्य रखने व कल्याण करने की कामना की.

इस बार भोजपुरी समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने भी छठ महापर्व को विधिविधान से किया. समाज के मीडिया प्रभारी राकेश कुमार झा ने बताया जैसे ही



भगवान सूर्यदेव उदयमान होने लगे, वैसे ही सूर्य देव की आरती की गई. तत्पश्चात उनको अर्घ्य दिया गया. महिलाओं ने एक दूसरे के नाक से लेकर कपाल तक एक दूसरे को सिन्दुर पहनाया गयातत्पश्चात उपस्थित लोगों को प्रसादी का वितरण भी किया गया. इस बार की छठ पूजा की विशेष बात यह रही कि बिहार से आए पांच परिवारके लोगों ने रात भर नदी किनारे स्थित शंकर भगवान के मंदिर में दीप जलाकर व छठी माई के गीत गाकर रतजगा किया.

## 31 को सभी थानों में होगी एकता दौड़

**सीहोर.** शासन के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को सभी पुलिस थानों में 'एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा. इसका उद्देश्य नागरिकों में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत बनाना है. विशेष सशस्त्र बल पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा आदेश जारी किए गए हैं. राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों में समरसता का संदेश फैलाना है. सभी पुलिस थाने स्तर पर 31 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से 'एकता दौड़' का आयोजन किया जाएगा.

## महागांव के कृषि मित्र के साथ की मारपीट

नवभारत न्यूज

**सीहोर 28 अक्टूबर.** महागांव जदीद के कृषि मित्र के साथ रास्ता रोककर मारपीट करने और बीस हजार रुपए छीनकर भागने की घटना सामने आई है. पीड़ित की शिकायत पर रेहटी थाना पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा भी दर्ज किया है लेकिन अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है. मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर कृषि मित्र ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है.

कृषि मित्र मूल सिंह पिता गौरीशंकर यदुवंशी ने बताया कि 4 अक्टुबर शनिवार को बाइक से रिश्तेदार की रसोई में ग्राम बरखेडा गए हुए थे. शाम को लौटते समय श्यामूगांव मोड़ पर मुंह बांधकर खड़े दो लोगों ने हाथ देकर रोका और अचानक झूमाझटकी करने



लगे. विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी. पास में रखे 20 हजार रुपए छीन कर लुटेरे भाग गए. मारपीट करने वालों की बोली पहनावे से मालूम हुआ कि आरोपी डिमावर क्षेत्र के ही हैं. थाना रेहटी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296,115, 351 के तहत मामला दर्ज किया है. पुलिस ने आरोपियों पर रुपए छीनने का प्रकरण दर्ज नहीं कराने से कृषिमित्र ने न्याय दिलाने की मांग की है.

## सड़क बना रहे ठेकेदार को मिलेगा नोटिस

**आष्टा.** जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर श्रीमती सर्जना यादव ने जनपद के ग्राम भीलखेड़ी सड़क पहुंचकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा मनरेगा के तहत संचालित अनेक गतिविधियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों एवं आईकार्ड के वैज्ञानिकों से कार्यों के बारे में जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएम आवास, डगवेल रिचार्ज, सीसी रोड़ निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया. सीसी रोड़ के निरीक्षण के दौरान रोड़ निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नही पाए जाने पर उन्होंने संबंधित सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

**लापरवाही** अधिकतर डॉक्टरों के कमरों पर ड्यूटी के दौरान लटकते मिले ताले, प्रबंधन की उदासीनता से लोगों में आक्रोश

# सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के आने के इंतजार में मरीज होते बेहाल

नवभारत न्यूज

**बुधनी 28 अक्टूबर. सिविल अस्पताल एक बार फिर लापरवाही के कारण सुर्खियों में है. अस्पताल में समय पर डॉक्टरों की अनुपस्थिति से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. अस्पताल के अधिकांश कमरों में ताले लटके देखे जा सकते हैं.**

सिविल अस्पताल के नव-निर्मित भवन के बाद लोगों ने यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की थी. क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव के



प्रयासों से अस्पताल में करीब 12 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई थी ताकि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को समुचित इलाज मिल सके. लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट है. अधिकतर समय डॉक्टर ड्यूटी से गायब पाए जाते हैं और ओपीडी में मरीजों की लंबी कतारें लग जाती हैं. कई बार पुरुष और महिलाएं एक ही लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतज़ार करते देखे जाते हैं.

एक बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि जब डॉक्टर अस्पताल आ ही नहीं रहे हैं, तो उनकी अटेंडेंस कैसे लग रही है. सूत्रों के अनुसार, डॉक्टरों द्वारा ऐप में कोई ऐसी नई तरकीब ईजाद कर ली गई है, जिससे वे बिना अस्पताल पहुंचे अपनी उपस्थिति दर्ज करा पा रहे हैं. सिविल अस्पताल घोषित होने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए थे. यह मामला विधायक रमाकांत भार्गव के समक्ष भी रखा गया था, जिसके बाद दर्जनभर डॉक्टरों की नियुक्ति की गई, लेकिन डॉक्टरों की लगातार अनुपस्थिति और कर्मचारियों की मनमानी से जनप्रतिनिधियों के सभी प्रयासों पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

सोमवार सुबह करीब 10.30 बजे सिविल अस्पताल पहुंचे पत्रकारों ने स्थिति देखी तो पाया कि ओपीडी में केवल तीन डॉक्टर ही मरीजों का इलाज कर रहे थे।